कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा

पत्रांक 1801 /3सी0 वन भूमि दिनांक 14/ अक्टूबर 2020

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
अल्मोड़ा वन प्रभाग,
अल्मोड़ा।

**विषयः** **जनपद अल्मोड़ा में चितई पंत से हरिदत्त पेटशाली इण्टर कॉलेज मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.43875 है0 वन भूमि का लोक निर्माण को प्रत्यावर्तन (प्रस्ताव सं0 9220/2015)**

**संदर्भः** **आपका पृष्ठांकन पत्र स0 मैमो/12–1(2) दिनॉक 07.09.2020**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के अनुपालन में राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लो0नि0वि0, रानीखेत द्वारा अपने पत्र सं0 1404/3सी0 दिनॉक 30.09.2020 द्वारा दुर्घटना प्रभावित क्षेत्र होने एवं वैकल्पिक मार्ग निर्माण की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत आख्या उपलब्ध करायी गयी है(पत्र संलग्न)।

अतः अनुरोध है कि विषयगत प्रकरण में अपने स्तर से अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,
14/10/2020

**अधिशासी अभियन्ता,**
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।

/Fax- + 05966–220078
E-mail :- eenhranikhet@gmail.com

UTTARAKHAND

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग,रानीखेत।

पत्रांकः– 1404 /13 ग्री दिनांकः 30/9/2020

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0
अल्मोड़ा।

विषय :– जनपद अल्मोड़ा में अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग के चितई पन्त तिराहे से (हरिदत्त पोटशाली इण्टर कालेज से आगे) पेटशाल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 2.43875 है0 वनभूमि का गैरवानिकीय कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन। **FP/UK/ROAD/9220/2015**

संदर्भ :– **आपका पत्रांक 1559/3सी0 व0भू0 दिनांक 08.09.2020**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र के क्रम में अगवत कराना है कि अल्मोड़ा–घाट मोटर मार्ग जो कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 309 बी है के किमी0 6 से 10 के (चितई से पेटशाल) कुल लम्बाई 5 किमी0 में कुल 7 नं0 आउटर कर्व है। जिनकी चौड़ाई न्यनतम 7.30 मी0 एवं अधिकतम 12.60 मी0 के मध्य है। चितई से पेटशाल के मध्य मार्ग का ढाल न्यूनतम 1:10 फाल एवं 1:20 फाल है, मार्ग की न्यनतम चौड़ाई 5.25 मी0 एवं अधिकतम चौड़ाई 8.40 मी0 के मध्य हैं। मार्ग के इस प्रभाग में कुछ मोड़ अतिसंवेदनशील होने के कारण समय–समय पर मार्ग में दुर्घटनाएं होती रहती है। मोड़ो पर मार्ग का ढलान न्यनतम 1:9 एवं अधिकतम 1:16 है। जैसा कि पत्र द्वारा सूचित किया गया है कि चितई पन्त तिराहे से हरिदत्त पेटशाली इण्टर कालेज से आगे पेटशाल तक मोटर मार्ग का निर्माण प्रस्तावित है।

अतः यदि चितई पन्त तिराहे से पेटशाल तक नये मोटर मार्ग का निर्माण किया जाता है तो इस मार्ग के निर्माण के पश्चात् इस प्रभाग में एक वैकल्पिक मार्ग प्राप्त किया जा सकता है, जिससे यात्रियों को सुविधा प्राप्त होने के साथ–साथ सुरक्षित यातायात की भी सम्भावना होगी।

(इं0 एम0पी0एस0 कालाकोटी)
अधिशासी अभियन्ता,
रा0मा0 खण्ड लो0नि0वि0, रानीखेत।

दिनांकः / /2020

पत्रांकः– /

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, अल्मोड़ा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियन्ता प्रथम वृत्त लो0नि0वि0 अल्मोड़ा को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– अधीक्षण अभियन्ता रा0मा0 वृत्त लो0नि0वि0 हल्द्वानी को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

(इं0 एम0पी0एस0 कालाकोटी)
अधिशासी अभियन्ता,
रा0मा0 खण्ड लो0नि0वि0, रानीखेत।

Letter/2020-21/09/47